जैव विविधता को बरकरार रखना जरूरी

भभुआ, एप्र। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ मंगलवार को बैठक की। अधिकारी व सदस्य विभाग के कार्यालय के सभा कक्ष में मंत्री को सुन रहे थे।

मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जैव विविधता को बरकरार रखना जरूरी है। डीएफओ चंचल प्रकाशम ने बताया कि बैठक में जिला एवं प्रखंड स्तरीय समिति के सदस्य एवं अध्यक्ष शामिल हुए। जैव विविधता के संरक्षण के लिए जिले में काम होगा। कैमूर के जंगल में काफी पेड़, पौधे, जड़ी-बूटी हैं। जंगल में निवास करने वाले जंगली जानवर, पंक्षी, कीट, सुक्ष्म

वन एवं पर्यावरण मंत्री की वीसी में मंगलवार को भाग लेते समिति के अधिकारी और सदस्य।

जीवों का काफी महत्व है। इन्हें संरक्षित किया जा रहा है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए इनको बरकरार रखना जरूरी है। इससे संबंधित गांव में लोगों को जैव विविधता की सूची बनाकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उनके यहां साग, सब्जी, अनाज, फल एवं विभिन्न प्रकार की फसल होती हैं। इन्हें कैसे संरक्षित किया जाए, इसकी जानकारी दी जाएगी।